## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पिथौरा रोड के पास एक युवक के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। पुलिस में मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 8 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि विक्की यादव पिता राजेंद्र यादव (25 वर्ष) वार्ड 07 कर्रापारा बागबाहरा टीवीएस जुपिटर वाहन में अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाला है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कुछ देर बाद आरोपी टीवीएस जुपिटर सीजी 06 एचबी 8191 में आया, जिसे रोका गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 105 नग देशी प्लेन शराब कीमत 8400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पंछा वापस मांगा, मारपीट

**महासमुंद।** पंछा को वापस मांगने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को राज कुमार कोसरिया वार्ड नं 02 भगतसिंह वार्ड बसना ने बताया कि 8 दिसंबर के रात्रि करीबन 9 बजे खाना खाने के बाद वह आदिवासी कन्या हास्टल के पास बच्चों के साथ मिलकर आग जलाकर ताप रहे थे, करीबन 11 बजे वहां मोहल्ले का सूरज यादव और वार्ड नं 01 निवासी सुजल आए और सूरज मेरे पास रखे पंछा को मांगकर ले गया, जिसे बाद में वापस घर जाउंगा कहा। लेकिन जब उसने पंछा को वापस मांगातो वाद-विवाद मारपीट करन लगा। इस दौरान सुजल ने भी मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बीच बचाव कर रहे शख्स के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बम्हनी के सतनामी पारा चौक के पास दो लोगों के बीच हो रहे विवाद के दौरान बीच बचाव करने वाले शख्स के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली महासमुंद में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बम्हनी में समीर जागड़े एवं लल्ला रात्रे के बीच विवाद हो रहा था। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे अनिल ढीढी के आरोपी समीर जांगडे के पिता रामानंद जागड़े, चाचा ईश्वर जागड़े एवं घासुराम जागड़े ने मारपीट कर दी।

## शिकायतः दोहरे मापदंडों को लेकर यातायात पुलिस सवालों के घेरे में

# जनदर्शन में गुहार लगाने पहुंच रहे पीड़ितों पर 500 रुपए का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर जनदर्शन जिला मुख्यालय में हर



मंगलवार को होता है। कलेक्टोरेट गेट पर यातायात नियमों की जांच भी हर मंगलवार को ही की जाती है। इस दोहरे मापदंडों को लेकर यायातात पुलिस इस दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर ट्रैफिक नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर, जिला प्रशासन के जनदर्शन कार्यक्रम में अपनी समस्या लेकर पहुंचे आम लोगों पर हेलमेट न पहनने के एवज में 500 रुपए का मोटा चालान काटा जा रहा है।



**कर्मचारी नहीं पहन रहे हेलमेट, जनदर्शन में पहुंचे लोगों पर चालान**

एक ओर जहां कलेक्टर के सख्त आदेश के बावजूद कलेक्ट्रेट के कर्मचारी बिना हेलमेट के दफ्तर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनदर्शन में अपनी शिकायत लेकर आने वाले आम नागरिकों पर लगातार चालान की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई ने स्थानीय निवासियों और पीड़ितों के मन में यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रयास है, या फिर यह नियमों के नाम पर राजस्व वसूली और जनता को परेशान करने की साजिश है। पीड़ितों को यह भी लग रहा है कि शिकायतकर्ताओं की कमी रहे इसलिए भी जानबूझकर मंगलवार को ही गेट पर यातायात नियमों का हवाला देकर चालानी कार्रवाई की जाती है।

पीड़ित गुहाराम का कहना है कि वे किसी व्यावसायिक काम से नहीं, बल्कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए यहां पहुंचे थे। कई लोगों को अर्जेंट काम होने के कारण हेलमेट पहनने का ध्यान नहीं रहा। उन्हें यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण लगी, क्योंकि पुलिस ने उन्हें पहले जागरूक करने या चेतावनी देने की बजाय सीधे चालान काट दिया।

### शहर में यातायात बदहाल

शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लचर दिखाई देती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शहर के चौक-चौराहों से मालवाहक और कृषि वाहन क्षमता से अधिक सामान और सवारियों को लेकर बेधड़क गुजरते हैं। इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे होने के बावजूद, लोग रेड लाइट जंप करते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं, खासकर जब मौके पर यातायात पुलिसकर्मी मौजूद होते हैं। और तो और नेता और अफसरों की वाहनें भी सिग्नल तोड़ दे तो कोई कार्रवाई नही होती।

### जनदर्शन बना चालान दर्शन

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में दूर-दराज से अपनी शिकायतें, समस्याएं या सरकारी योजनाओं से संबंधित काम लेकर आए लोगों को कलेक्टर कार्यालय के गेट पर ही रोक दिया गया। पुलिस ने उन सभी दोपहिया वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 500 का चालान काटा, जो हेलमेट पहनकर नहीं आए थे।

### कार्रवाई केवल शासकीय कर्मचारियों के लिए: ध्रुव


आम नागरिक टारगेट नहीं हैं। मंगलवार को कार्रवाई के लिए कलेक्टर साहब के निर्देश पर नियमों का उल्लंघन करने वाले शासकीय कर्मचारियों के लिए है। फिर भी अगर जनदर्शन में आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है तो इसके लिए तत्काल निर्देशित करते हुए लोगों को राहत दी जाएगी लेकिन, आम नागरिकों से भी नियमों का पालन करने की बात यातायात डीएसपी घनेंद्र ध्रुव ने कही है।

## गलत इलाज से शारीरिक मानसिक और आर्थिक क्षति

### कलेक्टर से अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रधान पॉलिक्लीनिक के डॉ.सुभाष प्रधान पर लापरवाही और फर्जी डिग्री का आरोप



जिले के पिरदा निवासी नरेंद्र नायक ने जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर प्रधान पॉलिक्लीनिक, पिथौरा के संचालक डॉ. सुभाष प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नायक ने आरोप लगाया है कि डॉ. प्रधान के गलत और लापरवाहीपूर्ण इलाज के कारण उन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से भारी क्षति पहुंची है।

शिकायत के अनुसार, नरेंद्र नायक लगभग 8-9 माह पूर्व सोशल मीडिया विज्ञापन देखकर अपने पैर के गोखरु के इलाज के लिए डॉ. सुभाष प्रधान के पास गए। डॉ. प्रधान ने ऑपरेशन से 15 दिनों में ठीक होने का आश्वासन दिया। नायक का कहना है कि सर्जरी के दौरान असहनीय दर्द होने पर डॉ. प्रधान ने उन्हें एक ही पैर में एनेस्थीसिया का ओवरडोज दे दिया। इसके बाद भी जब दर्द और संक्रमण बढ़ता गया, तो डॉ. प्रधान ने उन्हें रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर के नारायणा और एम्स अस्पताल के डॉक्टरों ने नायक को बताया कि एनेस्थीसिया के ओवरडोज और गलत दवा के कारण उनके पैर में संक्रमण खतरनाक स्तर तक बढ़ चुका है। डॉक्टरों ने यह आशंका भी जताई कि यदि संक्रमण और फैला, तो पैर काटना भी पड़ सकता है। नरेंद्र नायक ने शिकायत में कहा है कि पिछले 8-9 महीनों से वह ठीक से चल-फिर नहीं पा रहा है, जिससे उनके हजारों रुपये इलाज में खर्च हो चुके हैं और पूरा परिवार परेशान है।

### फर्जी डिग्री और अवैध संचालन

गंभीर आरोप लगाते हुए नरेंद्र नायक ने कहा है कि डॉ. सुभाष प्रधान के पास कोई भी आधिकारिक लाइसेंस नहीं है, और उनकी डिग्री भी फर्जी प्रतीत होती है। शिकायत में दावा किया गया है कि डॉ. प्रधान यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया माध्यमों से देखकर सर्जरी और एलोपैथिक इलाज करते हैं। पीड़ित नरेंद्र नायक ने कलेक्टर निवेदन किया है कि वह अवैध प्रधान पॉलिक्लीनिक की तत्काल जांच करें, डॉ. सुभाष प्रधान की डिग्री की जांच कर उनके क्लीनिक का संचालन बंद कराएं, और उन पर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

# एक्सीडेंट के अलग-अलग मामलों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना और तुमगांव थाना अंतर्गत एक्सीडेंट के अलग-अलग मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

बसना पुलिस को जय कुमार पारेश्वर ने बताया कि 4 दिसंबर को शंभू पारेश्वर पिता स्व रामप्रसाद पारेश्वर (35 साल) तरेकेला चौकी भंवरपुर रात्रि करीबन 8.30 बजे मोटर सायकल प्लेटिना क्र. सीजी 06 पीए 3264 से गम्मत नाचा देखने चेरगाढोड़ा जा रहा था, जिसका दुरूगपाली चेरगाढोड़ा मोड़ के पास रात्रि करीबन 9 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 4793 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे शंभू पारेश्वर को गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु हो जाना बताया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस, 184 मो.व्ही. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वहीं एक्सीडेंट के दूसरे मामले में तुमगांव पुलिस कोरामलाल ध्रुव फुसेराडीह ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह 7 बजे उसे सूचना मिली कि बड़े भाई पूरन लाल ध्रुव का नेशनल हाईवे 53 रोड कोडार काष्ठागार के आगे एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसका भाई मृत अवस्था में रोड में पड़ा हुआ था। प्रार्थी ने बताया कि उसका भाई घर से सुबह सब्जी लेने के लिए तुमगांव मंडी अपने ई रिक्शा क्रमांक सीजी 06 एचडी 9021 से जा रहा था कि कोडार काष्ठागार के आगे ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 2500 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके ई रिक्शा को ठोकर मार दिया, जिससे गंभीर चोट आने से पूरनलाल को तुमगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत्यु हो जाना बताया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी के सतनामी पारा में एक युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली महासमुंद में जुर्म दर्ज किया गया है। गांव के धनेंद्र कुमार उर्फ लल्ला के साथ शराब के नशे में आरोपी समीर जागडे ने पुरानी रंजिश वश मारपीट करते हुए उसके बांये जांघ को दांत से काट लिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


# वजन मशीन में हेराफेरी, नमी के नाम पर कटाई और रिश्तेदारों की नियुक्ति, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में स्थित प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्या. बरेकेल क्र. 1111 के तहत संचालित धान खरीदी केंद्र डिघेपुर पर गंभीर अनियमितताओं और व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। आक्रोशित किसानों और ग्रामीणों ने केंद्र के धान खरीदी प्रभारी और प्राधिकृत अधिकारी पर मनमानी, दुर्व्यवहार, वजन में हेराफेरी, और नमी के नाम पर अवैध कटाई का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में एक आवेदन सौंपा है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब सतर्क किसानों ने वजन तौल मशीन में सुनियोजित हेराफेरी को पकड़ लिया। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्र पर प्रति कांटे वजन पर 1 किलो की चोरी की जा रही हैं। किसान अश्विनी ध्रुव और पुरुषोत्तम साहू ने इस धोखाधड़ी को उजागर करने के लिए एक सीधा तरीका अपनाया। उन्होंने अपने स्वयं के वजन को पहले एक स्थानीय दुकान के भरोसेमंद कांटे पर तौला और फिर खरीदी केंद्र के कांटे पर। अश्विनी ध्रुव का वजन स्थानीय दुकान पर 64.300 किलो, लेकिन सोसायटी के कांटे पर यह 63.300 किलो निकला जिसमें सीधा 1 किलो का अंतर आया इसी तरह, हेतराम साहू का वजन बाहर 54.300 ग्राम, जबकि खरीदी केंद्र में यह 53.300 ग्राम दर्ज किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह हेराफेरी सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिससे हर किसान को प्रति क्विंटल नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। भांडा फोड़ होने के तुरंत बाद, खरीदी प्रभारी ने आनन-फानन में कांटा सत्यापन रजिस्टर तैयार कर किसानों के हस्ताक्षर लेना शुरू कर दिया, जबकि पहले ऐसा कोई रजिस्टर मेंटेन नहीं किया जाता रहा हैं।

### नमी के नाम पर मनमानी कटाई और दुर्व्यवहार

वजन में गड़बड़ी के अलावा, ग्रामीणों ने धान खरीदी प्रभारी और प्राधिकृत अधिकारी पर लगातार दुर्व्यवहार करने और नमी के नाम पर अवैध कटाई करने का भी गंभीर आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि खरीदी प्रभारी मनमाने ढंग से प्रति किसान 2 से 3 कट्टा धान काट रहे हैं, जबकि धान काटने का कोई वैध नियम या कारण मौजूद नहीं है। किसान राधेश्याम ठाकुर ने बताते हुए कहा कि उनके धान में केवल 17 प्रतिशत नमी रही, जो कि स्वीकार्य सीमा के भीतर होती है, इसके बावजूद उनके 2 कट्टे धान काट लिए गए।

### रिश्तेदारों को नियुक्त करने का आरोप

समिति के प्राधिकृत अधिकारी पर धान खरीदी केंद्र में अपने सारे रिश्तेदारों को नियुक्त कर धान खरीदी में बड़े पैमाने पर घोटाले को अंजाम देने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रिश्तेदारों की यह अनौपचारिक नियुक्ति भ्रष्टाचार को मजबूत करने और धांधली को बिना किसी रोकटोक के चलाने के लिए की गई है। ग्राम पंचायत जंघोरा, डिघेपुर, बरेकेल, ठाकुरदिया खुर्द और अरंड के किसान, जो इस खरीदी केंद्र पर अपना धान बेचते हैं। उन्होंने मांग की है कि धान खरीदी को सुचारू और पारदर्शी तरीके से चलाने के लिए समस्त वर्तमान स्टाफ को तत्काल प्रभाव से हटाकर उनकी जगह दूसरे स्टाफ को नियुक्त किया जाए।

### बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि यह भ्रष्टाचार आज का नहीं है। पूर्व में भी सरपंच मनोज सिन्हा ने पिछले तीन महीनों से बरेकेल सोसायटी में हो रहे इन गंभीर अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर, पंजीयक और नोडल अधिकारी को लगातार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इस लापरवाही ने भ्रष्ट अधिकारियों के हौसले बुलंद किए और उन्हें किसानों के साथ धोखाधड़ी जारी रखने का अवसर दिया।

# गाड़ी रायपुर में खड़ी और बिहार के बेगूसराय टोल में फास्टैग से कट गया पैसा, ऐसे कई मामले

## टोल में झोल, खड़ी गाड़ियों का टैक्स कट रहा, न शिकायत हो पा रही, न समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गाड़ी घर पर खड़ी हो और सैकड़ों किमी दूर दूसरे राज्य के टोल नाके पर उसका टैक्स कट जाए तो हैरानी तो होगी ही, उससे ज्यादा परेशानी भी। परेशानी इसलिए कि इसका कोई समाधान सामने नहीं आ रहा है, ऐसे दर्जनों केस सामने आ चुके हैं, पर शिकायतों से आगे मामला आगे नहीं बड़ा। तकनीकी खामियां बताकर ऐसी अर्जियां डंप रही। सोमवार को भी ऐसा ही नवा रायपुर के एक किसान के साथ घटित हुआ है। किसान के घर की पार्किंग में खड़ी कार का बिहार, बेगूसराय स्थित गोविंदपुरा टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल टैक्स कट गया। नवा रायपुर चेरिया के पूर्व सरपंच बल्ला तिवारी के अनुसार उनकी कार सीजी 04 डीजी 3700 का गोविंदपुर टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल कटने का सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे मैजेस आया। उनकी कार घर पर खड़ी है, रायपुर के अलावा किसी दूसरे शहर गई ही नहीं है। किसान ने सुबह मैसेज देखा, तो उन्हें लगा कि किसी ने उनकी कार चोरी कर ली। इसके बाद किसान ने घर के बाहर आकर देखा, तो कार घर के पास खड़ी मिली। बल्ला तिवारी का एचडीएफसी बैंक में फास्टैग बना है। टोल काटे जाने का मैसेज आने पर किसी अनहोनी की आशंका के कारण किसान ने संबंधित बैंक जाकर पतासाजी की। बैंक प्रबंधन ने रकम काटे जाने की पुष्टि की, लेकिन बैंक प्रबंधन यह बताने में असमर्थ रहा कि उनके वालेट से कैसे गोविंदपुरा टोल प्लाजा में पैसा कटा।


अलग खबर

### इस वजह से हो रही गड़बड़ी

जानकारों के अनुसार टोल प्लाजा में गाड़ियों का नंबर रीड करने लगे कैमरे में तकनीकी खामी होने की वजह से किसी की जगह किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट कट रहा है। इसके अलावा कई बार कैमरा नंबर रीड नहीं कर पाता, ऐसे में टोल प्लाजा में बैठा कर्मी मैन्यूअली नंबर एंट्री करता है। तब नंबर एंट्री करते समय गड़बड़ी होने पर किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट जाता है।

### शिकायत से अफसर भी परेशान

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आम लोगों के साथ कई अफसरों के पास फास्टैग वालेट से पैसे काटे जाने के मैसेज पूर्व में आ चुके हैं। कई ऐसे होते हैं, जो छोटी रकम होने की वजह से शिकायत तक दर्ज नहीं कराते। फाल्स तरीके से फास्टैग से पैसे काटे जाने से आम लोगों की जेबें कट रही हैं।




### रिफंड पाने के लिए यहां करें शिकायत

*फास्टैग वालेट से गलत तरीके पैसा कटने पर एनएचएआई का हेल्पलाइन नंबर 1033 या फाल्स डिडक्शन एट द रेट आईएचएमसीएल डॉट कॉम पर ईमेल करके तुरंत शिकायत करें, जिसमें ट्रांजेक्शन आईडी और गाड़ी के नंबर जैसी डिटेल्स दें, ताकि पैसा वापस मिल सके। गाड़ी मालिक अपने फास्टैग ऐप या बैंक पोर्टल पर गलत कटने वाले पैसे की तारीख, समय और अमाउंट नोट करके अपने पास सेव रखें। शिकायत दर्ज करने के बाद, गाड़ी मालिक को एक रेफरेंस नंबर मिलेगा। उसकी मदद से स्टेटस चेक करते रहें।*

## खबर संक्षेप

### प्रवचन सुनने गई महिला के गले से चेन पार

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ गले में पहने सोने की चेन चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरानी बस्ती ब्राह्मणपारा निवासी लक्ष्मी मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को बूढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में प्रवचन सुनने गई थी। इस दौरान कोई अज्ञात चोर महिला के गले से सोने की चेन काटकर ले गया।

### पीएम आवास को लेकर विपक्ष ने किया निगम का घेराव



**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त में हो रही देर को लेकर सोमवार को निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी की अगवाई में कांग्रेसी नेताओं और हितग्राहियों ने निगम मुख्यालय का घेराव किया। जमकर नारेबाजी कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जल्द उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस मौके पर चंगोराभाठा, सड्डू, फुंडहर, वीरभद्र नगर, राजेंद्र नगर, गुढ़ियारी, अमलीडीह सहित अन्य इलाकों से हितग्राही प्रदर्शन में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम को 800 हितग्राहियों की सूची सौंपते हुए उनके बकाया किस्त भुगतान जल्द कराने की मांग की है। महात्मा गांधी सदन के सामने प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त भुगतान में विलंब को लेकर हितग्राहियों ने प्रदर्शन किया। भुक्तभोगियों का कहना है कि वे कर्ज लेकर घर बना रहे हैं, समय पर किस्त की राशि उनके खाते में नहीं डाली गई। कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जो किराये के मकानों में रहने के लिए मजबूर हैं। प्रदर्शन के दौरान आकाश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास जनता से जुड़ा सीधा मुद्दा है। कितने ही गरीब परिवारों ने कर्ज लेकर या गहना गिरवी रखकर आवास का सपना संजोए इस ओर कदम बढ़ाया।

### मेघराज साहू जिला साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष निर्वाचित



रायपुर। शहर जिला साहू संघ रायपुर का चुनाव राजधानी के कर्माधाम में आयोजित हुआ। इस चुनाव मे 475 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। उत्साह भरे माहौल में मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मेघराज साहू को 250 मत प्राप्त हुए। वहीं निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामबगस साहू को 224 मत मिले। इस तरह मेघराज साहू 22 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री साहू की यह तीसरी जीत है, वहीं पुरुष उपाध्यक्ष पद पर ऋषि साहू, महिला उपाध्यक्ष पद पर किरण साहू, पुरुष संगठन सचिव पद पर माखनलाल साहू, संगठन सचिव महिला पद पर प्रेमलता साहू निर्वाचित हुईं। अध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित समाज के पदाधिकारी को साहू समाज के वरिष्ठ जनों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू, पूर्व मंत्री द्वय धनेंद्र साहू, ताम्रध्वज साहू, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, लीलाधर साहू, केशव साहू शामिल हैं।

## समस्या : पेयजल प्रदाय कराने की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे ग्रामीण

# न टंकी बनी न पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य हुआ, बोर खनन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के महासमुंद ब्लाक में जलजीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकियों के अपूर्ण कार्य को पूरा कराने और ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल प्रदाय कराने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीण जनदर्शन पहुंचे।

ग्रामीणों ने बताया कि विभिन्न गांव कौदकेरा, बनसिवनी, नवाडीह, सोरिद, चोरभटठी, कांपा, परसवानी, गोपालपुर, मुस्की, खट्टीडीह में कुछ गांवों को छोड़कर, अब तक न पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है और ना ही पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, कुछ गांव में पानी टंकियों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर शिकायत है साथ ही कई जगहों में टंकी को भरने के लिए अब तक बोर खनन तक नहीं हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार की महती योजना का लाभ दूरस्थ एवं ग्राम अंचल के साथ क्षेत्र के ग्रामों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों ने ग्रीष्मकाल पूर्व गुणवत्तापूर्ण कार्य समय-सीमा में निष्पादित करा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित कराने व लापरवाह ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई कर अन्य ठेकेदार के माध्यम से कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।



### ग्रीष्मकाल में कोडार से पानी देने की मांग

ग्राम कौंदकेरा, नवाडीह, सोरिद, चोरभट्टी, कांपा, परसवानी के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर जनदर्शन में कोडार बांध से ग्रीष्मकाल में धान फसल की सिंचाई के लिए पानी मांग की। उन्होंने बताया कि कोडार जलाशय में वर्तमान में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। रोटेशन सिंचाई व्यवस्था के तहत इस वर्ष बाएं तट के किसानों को पानी देने का प्रावधान है। चूंकि, इस समय मुख्य नहर, सहायक नहर एवं कुछ वितरक नहरों में लाइनिंग कार्य होना बताया जा रहा है। लेकिन इस वर्ष किसानों को काफी क्षति हुई है और रोटेशन पद्धति के अनुसार बाएं तट के किसानों को पानी दिया जाना है। इसलिए बाएं तट की लाइनिंग कार्य अगले वर्ष के लिए प्रस्तावित कर इस वर्ष बाईं तट के किसानों को सिंचाई के लिए पानी प्रदाय किया जाए, जिससे किसानों को राहत मिलेगी।

### सोरिद में हाईस्कूल निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग

ग्राम सोरिद के ग्रामीण गांव में हाईस्कूल निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे। ग्रामीण मनहरण यादव, कमलेश चंद्राकर, लच्छन यादव,गणेशराम व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सोरिद आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम है एवं आस-पास के वन ग्रामों में से प्रमुख है। यहाँ पिछले 4 वर्षों से हाई स्कूल खोले जाने हेतु राशि की स्वीकृति होने के बाद भी आज तक स्कूल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिससे पंचायत भवन में हाईस्कूल संचालित कराया जा रहा है। 4 बार टेंडर उपरांत कार्य प्रारंभ न होने से टेंडर निरस्त हो चुके और बजट बढ़ता जा रहा है।

# पीजी सीटों में कटौती के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**महासमुंद।** जूनियर डॉक्टरों ने छत्तीसगढ़ में मेडिकल पीजी सीटों में कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। रेगुलर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के बैनर तले मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों (जेडी) ने काली पट्टी बांधकर सोमवार को विरोध जताया। इस दौरान डॉक्टरों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई नीति के विरोध में जमकर नारेबाजी की। नई नीति के तहत पीजी प्रवेश में राज्य के कोटे की सीटों में कटौती की गई है, जिससे डॉक्टर नाराज हैं।

जूनियर डाक्टर डॉ. भूपेंद्र सिन्हा, डॉ. मुकेश साहू, डॉ. अंकुर साहू, डॉ. अंकिता कुजूर, डॉ. अरविंद खलखो, डॉ. आकाश डोंगरे, डॉ. हेमंत कोसरिया, डॉ. भुनेश्वरी ध्रुव, डॉ. भाविका साहू, डॉ. रुपेन्द्र चौधरी, डॉ. चंद्राकांत ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में क्लीनिकल और नॉन-क्लीनिकल की लगभग 400 पीजी सीटें हैं। पहले इनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार का 50-50 प्रतिशत कोटा था। हालांकि, नई नीति के तहत छत्तीसगढ़ के कोटे की सीटों को घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि 75 प्रतिशत सीटें ऑलइंडिया कोटे के लिए निर्धारित की गई हैं। राज्य के कोटे में केवल 25 प्रतिशत सीटें बचने से छत्तीसगढ़ में पीजी की तैयारी कर रहे छात्रों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह उनके लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को सीमित करेगा। डॉक्टरों ने चिंता जताई कि ऑलइंडिया कोटे से आने वाले बाहरी छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने और 2 साल का बांड पूरा करने के बाद छत्तीसगढ़ छोड़कर चले जाएंगे। इससे राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी बनी रहेगी, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन से पूर्व में निर्धारित नियमों को फिर से लागू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे न्यायालय का सहारा लेंगे।

# कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांधी कांग्रेस भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कांग्रेसजनों ने आतिशबाजी कर खुशियां व्यक्त कीं और केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी के राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि वे भारत की राजनीति में साहस, धैर्य और निस्वार्थ सेवा की प्रतीक रही हैं। उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी और व्यक्तिगत जीवन की कठिनाइयों के बावजूद देश और कांग्रेस संगठन के लिए स्वयं को समर्पित रखा। सोनिया गांधी ने जब देश और पार्टी संकट के दौर से गुजर रही थी, तब उन्होंने दृढ़ संकल्प और शांत नेतृत्व के साथ कांग्रेस को नई दिशा प्रदान की। वे लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा, सामाजिक सद्भाव, गरीबों-कमजोरों के अधिकार, महिला सशक्तिकरण और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के लिए सतत संघर्षरत रही हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने जनहित की अनेक नीतियों को आगे बढ़ाया और आम जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया।

सभा में जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि सोनिया गांधी का जीवन त्याग, संयम और राष्ट्र सेवा की अमूल्य प्रेरणा देता है। वे आज भी संगठन को मजबूती देने, युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने तथा देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर खल्लारी विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक, आलोक चंद्राकर बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, डॉ.रश्मि चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, भूपेंद्र ठाकुर शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, देवेश साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, राजेश जैन किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकार, प्रकाश साकरकर, गणेश शर्मा महामंत्री, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, राजेंद्र चंद्राकर, अमर अरुण चंद्राकर, ताम्रध्वज बघेल, देवेश शर्मा, अरिन चंद्राकर, अक्षय राव साकरकर, मंता यादव पार्षद, जसबीर ढिल्लो, दिव्येश चंद्राकर, भरत ठाकुर, हर्षित चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, तबरेज खान, डॉ तरुण साहू, जावेद चौहान, तुलसी साहू, राजू साहू, इमरान कुरैशी, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, खोम सिन्हा, प्रीतम चतुर्वेदी, कपिल साहू, दुनाल चंद्राकर, लोकेश उईके, आदित्य बोकाडे, मोती साहू, लीलू साहू, टोमन सिंह कागजी, आरोम मिश्रा, दीपेश रामटेके, दिलीप चंद्राकर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, गोपीचंद तारक, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, आकाश निषाद, कृष्ण लाल चंद्राकर, राहुल यादव, प्रवीण धीवर, भानू सोनी, तुलसी देवदास सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर हरिहर सिंह ध्रुव को पूर्व विधायक ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजवादी नेता स्वर्गीय डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव की 56वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में बीते 8 दिसंबर को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा प्रमुख रूप से शामिल हुए और स्व. डॉ. ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. चोपड़ा ने स्व.डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए अमूल्य समाजसेवी कार्यों और निःस्वार्थ सेवा को याद किया। डॉ. चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि कैसे एक व्यक्ति अपने ज्ञान और सेवाभाव से समाज में एक अमिट छाप छोड़ सकता है। एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने केवल रोगों का इलाज नहीं किया, बल्कि समाजवादी नेता के तौर पर गरीबों और वंचितों की आवाज़ बनकर उनके जीवन में आशा का संचार किया। उनका समर्पण और त्याग आज भी हमारे लिए जनसेवा का एक महत्वपूर्ण आदर्श है, जिसे नई पीढ़ी को अपनाना चाहिए। स्व. ध्रुव के जीवन को याद करते हुए आगे कहा कि वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने पैसे से ज़्यादा मानवता को महत्व दिया। उन्होंने जीवनभर इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। हम सभी का कर्तव्य है कि हम उनके दिखाए सेवाभाव के मार्ग पर चलते रहें।



इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. चोपड़ा को स्व.डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव की स्मृति चिन्ह सम्मान स्वरूप भेंट किया। पुण्यतिथि समारोह में भाजपा झलप-पटेवा मंडल के महामंत्री सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, खट्टा सरपंच राजकमल पटेल, पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, बसंत दीवान, प्रदीप ध्रुव, वारेंद्र दीवान, विजय मद्दीर, ललित दीवान, रामगोपाल चौहान, घनश्याम दीवान, प्रेम सिंह दीवान, हेमचन्द्र नायक, महेंद्र पटेल, रामचरण दीवान, राम भजन नायक, सुनील दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जूनियर डाक्टरों ने खोला मोर्चा, काली पट्टी लगाकर काम के बाद प्रदर्शन भी

## चिकित्सा शिक्षा विभाग के संशोधित नियम के खिलाफ न्यायालय जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए संस्थागत आरक्षण में कटौती किए जाने से नाराज जूनियर डाक्टरों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को काली पट्टी लगाकर मरीजों की जांच के बाद रायपुर समेत तमाम शासकीय मेडिकल कालेजों में प्रदर्शन किया गया। आरोप लगाया गया है कि संशोधित नियम में स्थानीय छात्रों का आईपी कोटा 25 फीसदी कर 75 फीसदी सीट ओपन मेरिट के आधार पर बाहरी छात्रों को दिए जाने की तैयारी की जा रही है। इस नियम के खिलाफ जूनियर डाक्टर न्यायालय जाने की तैयारी में हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमडी-एमएस प्रवेश के लिए संशोधित नियम जारी किया था। इसमें ऑल इंडिया कोटा हटाने के बाद बची 50 फीसदी सीटों में 25 प्रतिशत संस्थागत आरक्षण और 25 प्रतिशत ओपन मेरिट के लिए तय किया था। पूर्व में राज्य कोटे की 50 फीसदी सीट संस्थागत आरक्षण के आधार पर आवंटित की जाती थी। स्थानीय छात्रों की सीटों में की गई कटौती के खिलाफ जूनियर डाक्टर लामबंद हो गए हैं और विभिन्न चिकित्सा संगठनों के बैनर तले इसका विरोध प्रदर्शन शुरु हो गया है। सोमवार को रायपुर समते राज्य के तमाम शासकीय मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने कालीपट्टी लगाकर अपना विरोध जताया। इसके बाद शाम होते ही कालेज परिसर के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी आपत्ति प्रकट की। उनका आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा डोमिसाइल आधार आरक्षण पर दिए गए हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या करते हुए नियम तैयार किया है। इससे स्थानीय छात्रों के साथ स्वास्थ्य विभाग को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। बाहरी संस्थानों से आने वाले डाक्टर पढ़ाई कर वापस लौट जाएंगे जिसका बांड ड्युटी के नियम पर असर होगा। इसके खिलाफ चिकित्सा छात्र न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में हैं।



### पुराना नियम लागू हो, मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं

*जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह एवं छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष हीरा सिंह लोधी ने मांग की है कि इस नए नियम से स्थानीय छात्रों का अहित हो रहा है, इसलिए आईपी कोटा को पुनः 50 प्रतिशत किया जाए। स्थानीय एमबीबीएस ग्रेजुएट्स के हितों को सुरक्षित करने हेतु स्थायी नीति ढांचा तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में समान परिस्थिति में अपना 50 प्रतिशत आईपी मॉडल बनाए रखे हुए हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ का निर्णय आवश्यक नहीं है। यह नियम मनमाना, असंगत और छात्रों के भविष्य के लिए हानिकारक है।*

### मेडिकल पीजी में राज्य का कोटा कम करने को कांग्रेस ने बताया गलत

*रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल कॉलेज से पास किए हुए एमबीबीएस छात्रों के लिए पीजी सीट का कोटा पहले तक 50 प्रतिशत होता था। साय सरकार ने इसमें कमी कर दी। वर्तमान में राज्य सरकार के राजपत्र में प्रकाशित नए नियम के अनुसार यह घटकर 25 प्रतिशत ही रह जाएगा। उन्होंने कहा, नियमानुसार सभी राज्यों में 50 प्रतिशत आवश्यक रूप से अखिल भारतीय स्तर की पीजी सीटों का कोटा होता है। शेष 50 प्रतिशत राज्य सरकार अपने मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों की पीजी सीटों के लिए सुरक्षित रखती है। साय सरकार इस नये फैसले से प्रदेश के उन छात्रो को नुकसान हो गया, जो अपने ही राज्य में एमबीबीएस के बाद पीजी करना चाहते है। अब छत्तीसगढ़ के छात्रों को 50 प्रतिशत बजाय मात्र 25 प्रतिशत ही मिलेगा तथा केन्द्र का कोटा 50 से बढ़ाकर 75 हो गया। उन्होंने कहा, इस प्रकार की व्यवस्था किसी राज्य में नहीं है कि वहां पर राज्य का कोटा 25 हो तथा केन्द्र का 75 प्रतिशत हो।*

# संस्कृति की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का लोक बहुत ही समृद्ध : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के विविध आयाम विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

■ छग की संस्कृति में लोक नृत्य और लोक संगीत की गहरी छाप

जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि सामान्यतः संस्कृति को सभ्यता का दूसरा रूप माना जाता है। सभ्यता व्याकरण की दृष्टि से सभ्य होने की अवस्था, गुण और भाव सूचक है। सभ्य शब्द ऐसे लोगों के लिए प्रयुक्त होता है जो सज्जन हो, समझदार हो। जिनमें उज्जडपनऔर बर्बरता नहीं है। आजकल मानव समाज के लौकिक व्यावहारिक और सामाजिक क्षेत्र में की गई विशेष उन्नति को सभ्यता का विकास कहा जाता है। जबकि, संस्कृति शब्द का मुख्य संबंध संस्कारों से हैं अर्थात किसी प्रकृत वस्तु को त्रुटि रहित, दोष रहित और विकार रहित करके सुंदर बनाना संस्कार है। यद्यपि दोनों ही शब्द समाज की उन्नति और विकास की सूचक अवस्थाएं हैं तथापि सभ्यता का मुख्य संबंध मनुष्य की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों से है। जबकि, संस्कृति समाज की आध्यात्मिक, नैतिक, बौद्धिक तथा मानसिक उपलब्धियों का सूचक है। संस्कृति में किसी क्षेत्र या जाति की सभी प्रकार की मान्यताएं, रीति नीति और विश्वास आ जाते हैं। सभ्यता बाह्य और भौतिक सिध्दियों का मापक है। जबकि संस्कृति आंतरिक तथा मानसिक उन्नति का परिचायक है।

संगोष्ठी में संगोष्ठी में राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. रश्मि चौबे गाजियाबाद, अंशु जैन देहरादून, सुवर्णा जाधव, डॉ. सुषमा कोंडे पुणे, डॉ. जया सिंह रायपुर, डॉ. आनंदी सिंह लखनऊ, डॉ. हरिसिंह पाल नई दिल्ली, माया मेहता मुंबई, कामिनी श्रीवास्तव लखनऊ आदि ने भी छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर अपना सार्थक उद्बोधन दिया। संगोष्ठी का संचालन श्वेता मिश्रा एवं आभार रंजना पांचाल मध्यप्रदेश महासचिव ने माना।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में क़र्रापारा बागबाहरा निवासी ओमप्रकाश ने अवैध शराब के विक्रय पर रोक लगाने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम डोंगरीपाली पिथौरा निवासी सियाराम ने वारिसान हक में धान पंजीयन करने हेतु आवेदन, ग्राम बोरियाझर निवासी रूपा यादव ने निराश्रित पेंशन हेतु, ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी योगेश कुमार साहू ने ऑपरेशन एवं सर्जरी के लिए सहायता राशि के लिए, ग्राम खैरझिटी तुमगांव निवासी जानकी बाई मन्नाडे ने खड़ी फसल के चोरी संबंधी शिकायत, इमलीभांठा महासमुंद निवासी दुर्गेश नंदनी कुर्रे ने मृत्यु उपरांत मिलने वाली राशि हेतु आवेदन किए। इसके अलावा धान बेचने में समस्या संबंधी शिकायत, गिरदावरी, एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम आवास, लंबित राशि भुगतान, वन अधिकार पट्टा संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जलने से एक व्यक्ति की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की आग से बुरी तरह झुलसने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक निःसंतान था। महादेव घाट विसर्जन कुंड स्थित देवनगरी में मृतक तथा उसकी पत्नी रहते थे। परिजनों ने मृतक की पत्नी पर अपने पति को जला कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक आग से झुलसने से अरुण पटवा (48) की मौत हुई है। मृतक अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता था और रोजी मजदूरी का कार्य करता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतक की पत्नी का अपने देवर के साथ आए दिन विवाद होता था।

**कार्यक्रम :** कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, सामाजिक आयोजन को सराहा

# अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति ने किया युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति रानी महल पिथौरा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन महादेवा धाम कसेकेरा कोमाखान परिसर में आयोजित किया। जिसमें सभा को संचालित करने के लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर को सभापति नियुक्त किया गया। सर्वप्रथम भगवान बूढ़ादेव के छायाचित्र पर पुष्प माल्य अर्पित कर कार्यक्रम को गति देते हुए समाज के सभी पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार सामाजिक गमछा, अक्षत तिलक लगाकर किया गया। साथ ही दूर दूर से आए राज अध्यक्षों का स्वागत सत्कार किया गया। समाज के युवक युवती ने अपने परिचय देते रहे। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन हुआ। साथ में क्षेत्रीय विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा केशव चंद्राकर, समाज के युवक युवती ने मेन गेट से मंच तक पुष्प वर्षा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने भगवान बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर मंच पर मंचासीन हुए। सभी अतिथियों का स्वागत समाज के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने किए। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक का केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने गज माला से भव्य स्वागत किया। इसके बाद लोकेंद्र सिंह कुमर्रा राष्ट्रीय महासचिव अभा गोडवाना





गोंड महासभा, प्रताप नाग अध्यक्ष अभा गोंड समाज मल्हार महासभा, रामबती ठाकुर अध्यक्ष अभा गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति रानी महल पिथौरा, रनसाय ठाकुर केंद्रीय संचालक, केशव चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा आदि ने अपने अपने विचार रखें।

अभा गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर ने अपने उद्बोधन में समाज जन से अपील करते हुए ये कहा कि हमें एक साथ रहना है, हमें एक जुटता के साथ रहना है। हमें गोंड समाज मूल निवासी आदिवासी हैं। हम प्रकृति के पुजारी व मूल निवासी हैं। हमारे समाज के रीति नीति ही हमारे मूल पहचान है, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। साथ ही समाज के उद्देश्य ये कार्यक्रम का आयोजन सुयोग्य वर-वधू की तलाश में हम अपने समय के साथ ही साथ सही समय पर अपने बच्चों की शादी विवाह कर सकते हैं जो भी परेशानी हो समाज को अवगत कराए। हम सब एक साथ कोई भी परेशानी की सामना करेंगे। हाथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य में जोर देते दिया।

विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन एक ऐतिहासिक और महात्वपूर्ण आयोजन हैं, जिसका उद्देश्य समाज के युवा और युवतियों को एक मंच पर लाकर उनके बीच आपसी परिचय संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है इस सम्मेलन के माध्यम से समाज के युवा वर्ग को एक जुट होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को सुनने से पहले मंच के नीचे से युवक युवती ने भागवान बूढ़ा देव की जय घोष के साथ अध्यक्ष को आशीवचन के लिए आमंत्रित किए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन सराहनीय कार्य है। योग्य जीवनसाथी की तलाश में एक बढ़िया पुनीत कार्य है। महादेवा धाम परिसर कसेकेरा सर्कल राज सुवरमार में रविवार को अभा गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति मुख्यालय रानी महल पिथौरा द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन एक ऐसा मंच है, जहां समाज के विवाह योग्य युवक युवती आते हैं और मंच पर अपना परिचय देते हैं। सामाजिक पत्रिका में भी परिचय प्रकाशित किया जाता है। इससे वैवाहिक रिश्ते जोड़ने में मदद मिलती है। समाज की इस पहल से संसाधन और समय की बचत होती होती है। कार्यक्रम में समाज के युवक युवती ने अपने अपने बायोडाटा पंजीयन कराया। एक हजार युवक-युवती ने समाज को अपने बायोडाटा दिये कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों एवं समाज जन को धन्यवाद आभार व्यक्त केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे केंद्रीय समिति के संचालक रनसाय ठाकुर एवं केंद्रीय सचिव गैदराम ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर, केंद्रीय उपाध्यक्ष शिव प्रसाद ठाकुर, केंद्रीय उपाध्यक्ष तीजराम ठाकुर, महासचिव लाभो ठाकुर, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर, संचालक रनसाय ठाकुर, अंकेक्षक श्यामलाल ठाकुर, सलाहकार नेपाल ठाकुर, संयोजक देवनारायण ठाकुर, सचिव थान सिंह ठाकुर, सचिव बलीराम नेताम, सचिव गैंद राम ठाकुर, जनक नेताम अध्यक्ष जन.क्रि.स.रामबती ठाकुर अध्यक्ष मातृशक्ति महिला प्रभाग, पंचराम ठाकुर अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, कोमल सोम, सदस्य सुद्धु सिंह ठाकुर, देव सिंग ठाकुर राज अध्यक्ष सुवरमार, भूषण सिंह सूर्य वंशी राज अध्यक्ष कौड़िया, यशवंत सोरी राज अध्यक्ष खल्लारी, मंगतू राम जगत राज अध्यक्ष बार, दिलहरण मराई राज अध्यक्ष कसडोल, रामायण सिंह ठाकुर राज अध्यक्ष सोनाखान, भागीरथी ठाकुर राज अध्यक्ष सिरपुर, बलदाऊ नेताम राज अध्यक्ष फिंगेश्वर। सर्कल अध्यक्षगण सुरेन्द्र मांझी, मोहर सिंह ठाकुर, अरुण कुमार ठाकुर, ओंकार सिंह ठाकुर, तनूजा ठाकुर, थनवार ठाकुर, चमारराय ठाकुर, नारायण ठाकुर,मोहन ठाकुर, तेज कुमार मराई, जनक राम नेताम, निगरानी समिति सदस्य दीपक ठाकुर, टिकेश जगत युवा प्रकोष्ठ सदस्य, राजू ठाकुर, महिला प्रभाग के रेवती जगत, संगीता ठाकुर, संतोषी ठाकुर, चंदरबाई ठाकुर, जमानी बाई ठाकुर, जनपद सदस्य गीता मरकाम, लता ठाकुर, मीना ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर सेवानिवृत्त कमीश्नर आदिम जाति कल्याण विभाग, हेमसिंग ठाकुर, उपाध्यक्ष सर्कल पोटापारा, अंकित बागबाहरा, संतोष पटेल, विष्णु महानंद, गिरीश पटेल, राजेश सोनी, रामलाल सिन्हा, नरेन्द्र जैन, राजू जैन, समीर खान, पोखन महानंद एवं सुप्रभात राज, खल्लारी राज, कौड़िया राज, फिगेश्वर राज, बार राज, सिरपुर राज, सोनाखान राज, कसडोल राज, कटगीराज, अधिकारियों व कर्मचारियों, केंद्रीय सदस्य क्रियान्वयन समिति, युवा प्रभाग, मातृशक्ति प्रभाग, शिक्षा प्रभाग, निगरानी समिति के समस्त पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ने दी है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**महासमुंद।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत हुआ। इस क्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हर्षित चंद्राकर एवं युवा कांग्रेसी नेता दिव्येश अग्नि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के समक्ष आतिशी स्वागत हुआ।

# फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का संगीन मामला, 30 साल बाद भी नहीं मिला न्याय, मृत शिक्षक के पुत्र ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जिले के शिक्षा विभाग में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का एक चौंकाने वाला मामला फिर सुर्खियों में है। सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नूनपानी चकरदा निवासी प्रेमसागर चौहान ने अपने दिवंगत पिता की मृत्यु के बाद किसी गैर व्यक्ति को गलत तरीके से शिक्षक पद पर नियुक्त किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर जनदर्शन में न्याय की गुहार लगाई है।

### 1991 में पिता का निधन, 2 साल के बच्चे को मिली उपेक्षा

कार्यकर्ता प्रेमसागर चौहान के पिता स्व. कन्हैयालाल चौहान वर्ष 1991 से पूर्व ग्राम पंचायत चकरदा में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ थे। उसी वर्ष उनके पिता की अचानक मृत्यु हो गई। उस समय प्रेमसागर की उम्र मात्र दो वर्ष थी। पिता के गुजर जाने के बाद उनकी मां घर छोड़कर चली गईं और दादी करमायत बाई ने मजदूरी कर किसी तरह उनका पालन-पोषण किया।

### फर्जी नियुक्ति का खुलासा, परिवार से कोई संबंध नहीं

प्रेमसागर ने बताया कि वर्ष 1995 के आसपास उनकी दादी को पता चला कि उनके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति का पूरा लाभ किसी और व्यक्ति संतलाल मुखर्जी (पिता जगसाय मुखर्जी, निवासी सिंघनपुर) को दे दिया गया, जिनका उनके परिवार के वंश वृक्ष से कोई



संबंध तक नहीं है। दादी करमायत बाई ने तत्समय कई बार अधिकारियों से शिकायत की, नियुक्ति निरस्त करने की मांग उठाई, लेकिन विभाग में कथित तौर पर बिचौलियों और लुकाछिपी के खेल के बीच मामला दबा दिया गया।

### तीन दशक बाद भी कार्रवाई नहीं, अब बेटे ने लगाई गुहार

लगभग 30 वर्षों तक न्याय की राह देखते-देखते अब प्रेमसागर चौहान ने खुद आवाज उठाई और कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेरी दादी दूसरों के घरों में काम कर मुझे बड़ा कर गईं, लेकिन न्याय आज तक नहीं मिला। जब भी आवाज उठाई, डराने और दबाव बनाने की कोशिश की गई।

### प्रधानपाठक के पद तक पहुंचे आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

वर्तमान में संतलाल मुखर्जी शासकीय प्राथमिक शाला गौरटेक में प्रधानपाठक के पद पर कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज और मनगढ़ंत जानकारी के आधार पर उन्होंने सरकारी नौकरी हासिल की और 30 साल से वेतन व सुविधाएं ले रहे हैं। प्रेमसागर ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नियुक्ति प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषी साबित होने पर तत्काल निलंबन या बर्खास्तगी, फर्जी नियुक्ति पर आपराधिक एफआईआर दर्ज हो, अब तक मिले वेतन व लाभ की वसूली भी की जाए।

मामले में बीईओ बद्रीविशाल जोल्हे ने कहा कि मामला काफी पुराना और जिला स्तर से नियुक्ति है। इसलिए उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। फिलहाल इस संबंध में उच्चाधिकारियों द्वारा कोई जानकारी नहीं मांगी गई है। मांगे जाने पर तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी।

# नौगड़ी में नशामुक्ति अभियान को लेकर ग्रामीण लामबंद

## ग्राम सभा में सामूहिक निर्णय, अब गांव में अवैध शराब व गांजा पूरी तरह प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नौगड़ी में नशामुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने सराहनीय पहल की है। सरपंच संतोषी मोहरसाय ओगरे के नेतृत्व में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग एकजुट होकर देवगुड़ी चौक में सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

ग्राम सभा में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ग्राम नौगड़ी में अब कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब नही बनाएगा और गांजा नहीं बिक्री करेगा। गांव में प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर सामूहिक कार्रवाई का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस विशेष अभियान में जिला पंचायत सदस्य सीमा त्रिलोचन नायक, जिला पंचायत सदस्य देवकी दीवान, प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि साहेब, सरपंच संतोषी मोहरसाय ओगरे, लिंगराज पटेल, गायत्री परिवार के जयदेव प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखकर स्वस्थ समाज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



# उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस

**बसना।** जगदीशपुर के स्टेट स्टीफेंस मॉडल स्कूल में आयोजित क्रिसमस कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। वही छात्रों और शिक्षकों ने स्कूल परिसर को रंगीन झालरों, गुब्बारों और क्रिसमस ट्री से सुंदर ढंग से सजाया गया था, जो पर्व के माहौल को जीवंत बना रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ तुषार कांति नायक, डॉ खुशबू अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत बसना, नरसिंहपुर और जगदीशपुर के सरपंचों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर स्कूल में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण करोल गीत से हुई। बच्चों ने स्कूल परिसर में 'गांव का दृश्य' विषय पर रंगीन और जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें ग्रामीण जीवन की सादगी और सौंदर्य दर्शाया गया। इस प्रदर्शनी में पुरानी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया, जो आज इस्तेमाल में नहीं हैं और पुनः उपयोग किए गए मूल सामग्री की कला ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा।



स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने झूमते नृत्य, गायन और नाटकीय प्रस्तुतियां दीं, जिससे उत्सव की रौनक और बढ़ गई। समारोह का एक खास हिस्सा था पूर्व छात्रों के साथ संवाद सत्र, जिसमें उनका सम्मान किया गया और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन दिया। स्कूल के प्रचार विजय दास, प्राचार्य प्रभारी आशा गुप्ता व प्रबंधन ने इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किए।

# ढेलू-अमर के नेतृत्व में हुए स्वागत से द्वारिकाधीश अभिभूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) द्वारा


- कांग्रेस जिलाध्यक्ष का तुमगांव में गजमाला, पुष्पवर्षा कर किया आतिशी स्वागत

कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव का स्वागत नगर पंचायत तुमगांव में किया गया। ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद तथा जोन प्रभारी अमर अरूण चंद्राकर के संयोजन में ब्लाक के ग्रामीण पदाधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यादव का पुष्पवर्षा, गजमाला पहनाकर तथा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत हुआ। जिसके बाद 200 से अधिक बाइकों में रैली में कार्यकर्ता शामिल हुए और काफिले के साथ मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन तक पहुंचे।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेसाध्यक्ष ग्रामीण ढेलू निषाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण चंद्राकर, जोन प्रभारी अमर अरूण चंद्राकर, सीटू सलूजा, थनवार लाल यादव, राधेलाल सिन्हा, केशव चौधरी, दीनदयाल साहू, आकाश निषाद, सचिन गायकवाड़, गौरव चंद्राकर, भागीरथी ठाकुर, शिव यादव पार्षद तुमगाँव, राहुल यादव पार्षद, जगन्नाथ खैरवार जनपद सदस्य, संतोष दीवान, संजय पटेल, मुकेश ठाकुर, डिगेश, सत्यम, गुमान चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, योगेश यादव, चेतन साहू, जगदीश ठाकुर, शिव यादव, रामकिशोर अहिरवार, खेलावन साहू ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण पटेवा झलप, डीगेश खैरवार, भूपेंद्र सोनवानी, तेथिस चेलक, वेदप्रकाश साहू, गिरधर आवड़े, राहुल आवड़े, केवल रेला, करण मूर्ति, परस पटेल, शंकर पटेल, सुशील, दिनेश, गौतम, संजय, हेमंत, तुमगांव के सभी पार्षदगण, सिद्धांत साहू, कपिल साहू, गौतम सिन्हा पार्षद, केके साहू, शैलेंद्र सेन, ओमप्रकाश यादव, पिंटू सिंह, राजेश चंद्राकर, धर्मेंद्र धीवर, खोलबाहरा चंद्राकर, आबिद खान, सागर चंद्राकर, रफीक भाई सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वित्त मंत्री जनता से झूठ बोल रहे : अंकित



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने कहाकि वर्तमान समय में जमीन की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि पर सरकार ने आज दिनांक तक कोई कमी नहीं की है। अपितु 31 मार्च तक फिर से जिला मूल्यांकन समिति से पुनः प्रस्ताव मंगवाये गए हैं, मतलब अभी इस माह भी कीमतों में कोई कमी नहीं होने वाली है? अंकित ने सवाल किया कि जिला मूल्यांकन समिति से अब प्रस्ताव मंगवाए जाने का मतलब यह है कि पहले उनसे प्रस्ताव मंगाया ही नही गया, दूसरा जिन भी लोगों ने इस बढ़ी हुई दर में पंजीयन करवाया है, क्या उनको पैसे वापस होंगे। अंकित ने कहा कि शासन द्वारा प्रशासन, मीडिया और आम जन को भ्रमित किया जा रहा है। आम जनता और किसानों, पब्लिक को सही जानकारी देवे, गाइड लाइन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हुई है। केवल नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत में जो 35 डिसमिल से कम वर्ग फीट किया जाता था, उन पर निगम में 51 डिसमिल तक, नगर पालिका में 38 डिसमिल और नगर पंचायत में 25 डिसमिल तक कृषि दर हेक्टेयर पंजीयन होगा। गाइडलाइन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हुआ है, जो अधिक कीमत है उसी में रजिस्ट्री होगी। अंकित ने मांग की है कि भाजपा की सरकार जो स्वयं को जन हितैषी बता रही है वे जनहित में इस तुगलकी फैसले को वापस लेते हुए आम जन को राहत प्रदान करें।

## खबर संक्षेप



### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर दी गई जानकारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा में श्याम बालाजी कॉलेज द्वारा एनसीसी कैंप में बीएड के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं कॉलेज के अध्यापक को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या के रोकथाम के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। नशा से दूर रहने की बात बताई गई। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। जिसमें जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे साईकियाट्रिक सोशल वर्कर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम में गहन प्रकाश और खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर द्वारा तनाव प्रबंधन की जानकारी दी।

### 16 को भारतीय विजय दिवस

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया है कि शहीद स्मारक खरोरा में 16 दिसंबर को भारतीय विजय दिवस पर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस दिन 16 दिसंबर 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है। इस युद्ध के अंत के बाद 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। साल 1971 के युद्ध में भारत और बांग्लादेश की संयुक्त सेना ने पाकिस्तान को पराजित किया, जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ। देशभर में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 के युद्ध में करीब 3,900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे।

### फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी सीखने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

महासमुंद। जिले के ग्रामीण युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। जिसमें 30 दिवसीय मोबाइल फोन रिपेयर्स एंड सर्विस एवं 31 दिवसीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी से संबंधित प्रशिक्षण शामिल है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 16 दिसंबर 2025 तक पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए बीपीएल राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो एवं न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण अंकसूची आवश्यक है।

### मितानिनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

**नांदगांव।** ग्राम पंचायत नांदगांव में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। सरपंच भारत गेंड्रे ने सभी मितानिनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। श्री गेंड्रे ने कहा कि गांव में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही गांव की नीव हैं जिन्होंने सभी कड़ी को जोड़कर रखा है। उनकी सेवा भाव से बच्चे और महिलाओं में हर्ष है।

### निधन

### आशीष शुक्ला



**तेंदूकोना।** तेंदूकोना ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व पूर्व उपसरपंच आशीष शुक्ला का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे कथा शुक्ला व शौर्य शुक्ला के पिता थे। बलराम दीक्षित, किशन अग्रवाल, तेजन साहू, विलास नायक, येतन साहू, गोविंद सेन, अशोक साहू, कमलेश साव, रामलाल बरिहा, दीपक पटेल, नीलू साहू आदि ने शोक जताया है।

**बैठक :** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# किसानों का धान निर्धारित मात्रा में ही तौल करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शेष हितग्राहियों के राशन कार्ड ई-केवाईसी पूर्ण करने के दिए निर्देश किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी, स्वच्छता मिशन, मनरेगा एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एग्रीस्टेक एप की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा और जिन किसानों की रकबा/वारिसान प्रविष्टियों में त्रुटियां हैं, उनका सत्यापन शीघ्र पूरा किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में मुनादी कर छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराया जाए। उन्होंने किसानों से पराली नहीं जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसा पाए जाने पर एनजीटी के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी और अर्थदंड भी लगाया जा सकता है। किसानों से पैरा दान करने या पशुधन को चारा उपलब्ध कराने की अपील की गई।

मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा में कलेक्टर ने एआरओ और ईआरओ को निर्देश दिए कि गणना एवं घोषणा पत्रों के साथ शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें। पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए। जिले के 1083 बीएलओ द्वारा सभी गणना पत्रक वितरित और संग्रहित किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने राशन कार्ड ई-केवाईसी पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब भी 1 लाख 41 हजार ई-केवाईसी लंबित हैं, जिसे मिशन मोड में जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण के दौरान लाभार्थियों को बुलाकर वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाए और मृत व अनुपलब्ध सदस्यों का विलोपन किया जाए।




स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिन ग्राम पंचायतों में कचरा वाहनों की खरीदी हो चुकी है, वहां डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की शुरुआत करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को आवास योजनाओं एवं मनरेगा कार्यों में प्रगति लाने तथा पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित के कार्यों में गति लाएं, पारदर्शिता बनाए रखें और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

#### प्रतिदिन वीसी के माध्यम से करें धान खरीदी की समीक्षा

कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी खरीदी प्रक्रिया राज्य शासन के मंशानुरूप पारदर्शिता और सुगमता के साथ संचालित हो। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन वीसी के माध्यम से धान खरीदी समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों और अपने-अपने उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलाई 40 किलो 700 ग्राम निर्धारित मानक के अनुसार ही हो। निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। धान लोडिंग के दौरान वीडियो बनाने, धर्मकांटा तौल और वाहन लोडिंग करते हुए तस्वीरें लेने तथा पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने कहा। धान परिवहन के रीसाइक्लिंग रोकने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को टोकन काटने एवं एग्रीस्टेक पंजीयन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नोडल अधिकारी और समिति प्रबंधन किसानों से सतत संवाद बनाए रखें, टोकन, नमी जांच, मिलान पर्ची, तौल व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और ऑनलाइन एंट्री व्यवस्था को हर समय सक्रिय स्थिति में रखें। उन्होंने जिले के 16 चेकपोस्टों में धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने, संदेहास्पद वाहनों की जांच करने और अवैध परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल वाहन सीज कर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। जब्त धान को अनिवार्य रूप से थाना में सुपुर्द करने और हर सप्ताह भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

# क्षेत्र में शीतलहर जारी, गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अंचल में इन दिनों तेज शीतलहर चल रही है और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ गई है। सुबह कोहरा छाने लगा है और दिन में सर्द हवाओं के साथ शाम से ही शीतलहर तेज हो जाती है। जिससे लोगों को कंपकंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड़ रहा है।

सर्दी के बचाव के लिए लोग गर्म कपडों के अलावा अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। हालांकि, सर्दी का यह दौर जहां आम नागरिकों के लिए परेशानी भरा साबित हो रहा है, वहीं फसलों के लिए लाभदायक है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से



तापमान में गिरावट के साथ सर्द हवाएं भी चल रही हैं और कंपकंपाने वाली सर्दी पड़ने लगी है। इन दिनों इलाके का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जबकि, अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री तक बना हुआ है। तापमान में गिरावट के चलते सुबह से ही इलाके में कोहरा छाने लगता है और दिन में सर्द हवाओं के कारण दोपहर की धूप भी पूरी राहत नहीं दे पा रही है।

शाम होते ही शीतलहर की तीव्रता बढ़ जाती है और लोगों को शाम से ही स्वेटर, जरकिन, मफलर, टोपी आदि पहनकर निकलना पड़ रहा है। वहीं सर्दी के चलते नागरिक सर्दी जुकाम, बुखार से भी परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर अच्छी सर्दी के चलते फसलों को काफी राहत मिल रही है। वहीं तेज सर्दी को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। ताकि, सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने वाले लोगों को सर्दी से राहत मिल सके।

#### रबी फसलों की बोवाई का दौर शुरू

वहीं इन दिनों रबी सीजन की बोवाई के बाद फसलों में पहली सिंचाई का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में अच्छी सर्दी से फसलों की वृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। कृषि विशेषज्ञ की माने तो सर्दी में रबी सीजन की फसलों की वृद्धि अच्छी होती है। अभी चना, मसूर, गेहूं की फसल शुरूआती अवस्था में हैं। ऐसे में सर्दी का यह दौर उनके लिए लाभदायक ही साबित हो रहा है। किसानों को अपनी फसलों में पहली सिंचाई शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि पहली सिंचाई में गेहूं में यूरिया का कम छिडकाव करें और दलहनी फसलों में तो यूरिया का छिडकाव बिलकुल भी न करें। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 दिसंबर तक इलाके का न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री तक ही बना रहेगा। जिससे सर्दी का असर ऐसा ही रहेगा। इसके बाद तापमान में थोडा उछाल आएगा।

# मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन

## 31 विद्यार्थियों ने कराया अपना ब्लड ग्रुप टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में शिक्षक हेमंत खुटे की पहल पर एवं एनपी स्मृति फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 31 विद्यार्थियों ने अपना ब्लड ग्रुप परीक्षण कराया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल, उपसरपंच रेवा राम पटेल, दिव्यांग मित्र मंडल के सदस्य श्रवण यादव तथा एनपी स्मृति फाउंडेशन के मुख्य प्रबंधक बीजू पटनायक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर के शुभारंभ अवसर पर सरपंच खेदूराम पटेल ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने रक्त समूह की जानकारी होना आपातकालीन परिस्थिति में जीवन रक्षक साबित हो सकता है, क्योंकि समय पर सही रक्त उपलब्ध कराने में यह जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। एनपी स्मृति फाउंडेशन के मुख्य प्रबंधक बीजू पटनायक ने कहा कि रक्त समूह की जानकारी केवल एक




तथ्य नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा से जुड़ा अहम विषय है। उपयुक्त रक्त समूह का मेल होने पर ही सुरक्षित रूप से रक्तदान या रक्त प्राप्त किया जा सकता है।

संस्था प्रमुख एवं शिक्षक हेमंत खुटे ने बताया कि उनका उद्देश्य जनसहयोग के माध्यम से विद्यालय में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में फाउंडेशन के सहयोग से रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसे विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सराहा। शिविर के अंत में परीक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पैथोलॉजी संचालक रमेश कुमार बाघमारे को एनपी स्मृति फाउंडेशन एवं विद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का एनएसयूआई युकां और कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद प्रथम आगमन पर स्थानीय ओवरब्रिज के समीप नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। साहू ने भव्य गजमाला पहनाकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यादव का स्वागत, सम्मान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला संगठन यादव के नेतृत्व में एकजुट होगा तथा आगामी विस चुनाव में जिले के चारों विधान सभा कांग्रेस के झोली में आएगी। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से




एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, सौरभ लोधी युकां विधानसभा अध्यक्ष, युवा नेता आकाश ठाकुर, मैंडी साहू युकां नेता झलप, कान्हा प्रधान, बिट्टू साहू, मनीष यादव, हितेश शर्मा, मनोज यादव, दिपेश ध्रुव, सितेश साहू, आयुष भोसले, रमेश राव, फलेंद्र निषाद, आदेश राठौर, मनोज पटेल, पुष्कर साहू, अब्दुल सूफियान, सम्मी खान, मनोज पटेल, अरूण हियाल, संकेत इंगोले, बिल्लू सोनी, खिलेश चंद्राकर, तुलाराम साहू, पदुम आदि उपस्थित रहे।

## खरोरा में पांच घंटे का हुआ अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक पर भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जहां शक्तिपुत्र महाराज के निर्देश पर मां दुर्गा की महाआरती के साथ जयकारे लगाकर महाआरती हुई। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख रंजित चंद्राकर ने कहा कि समाज नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। ताकि, समाज में सुख शांति प्राप्त हो सके और बड़े सौभाग्य के क्षण है जब हम एक साथ बैठकर के साधना करते हैं। वह साधना सर्वोपरि मूल जननी की साधना है। साधना एक पक्ष है, दूसरा पक्ष वह होता है जब हम जनकल्याण कर समाज को जन जन को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त कर साधना करते हैं। सिद्धाश्रम धाम जहां पर 1997 से अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया जा रहा है, और लोगों बताया गया कि भगवती मानव कल्याण संगठन जो जन-जन को नशामुक्त मांसाहार मुक्त कर समाज को सदमार्ग की ओर ले जा रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में राजू, पराशु, भीखम, दिलीप, चमन, कौशिक, राधे, लक्ष्मीनारायण, उमेंद्र, भूषण, दुलार, रामकुमार, शकुन, सरस्वती, हीराबाई, तनु, माधुरी, ललिता, भूमिका, कुमारी, दुर्गा, कमला, रीखा,रेवती, द्रोपदी, हेमलता आदि मौजूद रहे।

# सिरपुर-राजिम को राष्ट्रीय पहचान दिलाने सांसद ने की आवाज बुलंद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत सिरपुर और राजिम को राष्ट्रीय तीर्थ पर्यटन मानचित्र पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में लोकसभा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दोनों स्थलों को प्रसाद योजना में शामिल करने के विषय पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। उनकी पहल ने सिरपुर और राजिम के महत्व को एक बार फिर राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है। सांसद ने चार बिंदुवार प्रश्न रखते हुए कहा कि क्या सरकार छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण तीर्थ एवं सांस्कृतिक-धार्मिक महत्व वाले स्थलों सिरपुर और राजिम को प्रसाद योजना में शामिल करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो इन स्थलों के चयन, मूल्यांकन एवं स्वीकृति हेतु निर्धारित मानदंड और प्रक्रिया क्या है? सिरपुर और राजिम में अवसंरचना विकास, पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, तथा सांस्कृतिक–आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए अब तक क्या कदम प्रस्तावित या क्रियाशील हैं? क्या इन दोनों स्थलों के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार या स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई डीपीआर या औपचारिक अनुरोध भेजा गया है? यदि भेजा गया है, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?



इसके जवाब में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्पष्ट किया कि प्रसाद योजना के अंतर्गत चयन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों और प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार की जाती है। इस योजना को 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इसलिए केंद्र सरकार इसके समीक्षात्मक सुधार और संभावित पुनर्गठन पर विचार कर रही है। मंत्री के अनुसार, इस योजना का एक नया, अधिक प्रभावी और विस्तारित रूप भविष्य में सामने आ सकता है, जो देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के समग्र विकास को नई दिशा देगा।



## रबी फसल के लिए केशवा बांध से पानी छोड़ने की मांग

**महासमुंद।** केशवा नाला जलाशय चरौदा (बांध) के आश्रित ग्राम चरौदा बांध, एमके बाहरा, पड़कीपाली, तेलीबांधा के किसानों ने कलेक्टर से मुलाकात रबी फ़सल के लिए पानी छोड़ने की मांग की है। किसानों ने बताया कि भारी वर्षा एवं बीमारियों के कारण इस साल क्षेत्र में धान की औसत उत्पादन कम हुई है। जिसकी भरपाई रबी फ़सल के धान से किए जाने की मांग को लेकर किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्राम पंचायत चरोदा के सरपंच नारायण सिंह ठाकुर, ओंकारबंद सरपंच दुष्यंत चंद्राकर, एमके बाहरा के पूर्व सरपंच कमलनारायण साहू, ग्राम प्रमुख एमके बाहरा देवक राम साहू, ढेलूराम चंद्राकर, गुणनिधि पटेल, किसान खिलेश लाला साहू, दुर्गाप्रसाद दीवान, भागवत दीवान, मीलराम साहू, भुखन लाल पटेल, नीलकंठ पटेल, भेखलाल साहू, नेतराम पटेल, भेखलाल पटेल, देवानंद साहू, सतीश साहू, संतराम पटेल, मेवा सिन्हा ने कलेक्टर महासमुंद से मुलाकात अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने पानी दिए जाने का आश्वासन दिया। मुलाक़ात के लिए गए किसानों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है।

# समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग में समाजशास्त्र विषय में रोजगार की संभावना विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना से हुआ। पूजन पश्चात कार्यक्रम के वरिष्ठजनो एवं अतिथि का विद्यार्थियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत भाषण दिलीप कुमार बढाई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने प्रस्तुत किया। पश्चात आतिथ्य वाचन हेतु उपस्थित डॉ मनोज साहू सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समाजशास्त्र विषय पर नेट सेट सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। अपने उद्बोधन में समाजशास्त्र विषय की महत्ता को बतलाते हुए व्यक्ति एवं समाज की अन्तक्रियाओं से समाज में होने वाले परिवर्तन को स्पष्ट किया। इसी कड़ी में बढ़ाई ने भूगोल विषय से समाजशास्त्र को संबंधित करते हुए पृथ्वी पर पाए जाने वाले संसाधन एवं उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। मंच संचालन शिवानी तावेरकर अतिथि सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं आभार प्रदर्शन पंकज कुमार डहरिया जनभागीदारी प्राध्यापक समाजशास्त्र ने किया। व्याख्यान पश्चात स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसमें प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी की उपस्थिति रही।





